


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी







## खबर संक्षेप

### फ्लाइट्स रद्द होने से 78% घटा इंडिगो का मुनाफा




**नई दिल्ली।** पायलटों की कमी और 2500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल होने से दिसंबर में इंडिगो का मुनाफा 78% कम हो गया। इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सिर्फ 550 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। पिछले साल की समान तिमाही में यह 2,448 करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंडिगो का ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 6.2% बढ़कर 23,471 करोड़ रुपये रहा। *एजेंसी*

### कॉन्स्टेबल भर्ती में उम्र सीमा में 3 वर्ष की छूट चेयरमैन ने की पुष्टि

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने 5500 पुलिस कॉन्स्टेबलों की भर्ती के लिए उम्र सीमा में 3 साल छूट का फैसला किया है। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने इसकी पुष्टि की है। यह निर्णय उन अभ्यर्थियों के हित में लिया गया है, जिनके लिए वर्ष 2022 के बाद विभिन्न कारणों से सीईटी परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी थी। वर्ष 2025 में पुनः सीईटी परीक्षा आयोजित की गई। आयु में दी गई यह छूट योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। *ब्यूरो*

### दिल्ली-एनसीआर से हटा ग्रैप-3 का पहरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी में सुधार के बाद ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा ली गई हैं। एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन ने गुरुवार को हवा की क्वालिटी में मामूली सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रै-3 की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया। कमेटी की तरफ से कहा गया कि सब-कमेटी हवा की क्वालिटी की स्थिति पर बारीकी से नज़र रखेगी। *एजेंसी*



# 400 फीट गहरी खाई में गिरी सेना की गाड़ी, 10 जवानों की मौत

» जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भीषण हादसा
» भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने खोया संतुलन
» 11 को एयरलिफ्ट किया, कुल 21 जवान थे सवार
» डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे, संकरा और बर्फीला था मार्ग

एजेंसी ▸▸| भद्रवाह/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि जान गंवाने वाले और घायल जवान किन राज्यों से हैं। भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं। जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 9 हजार फीट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है।

**गृहमंत्री और रक्षामंत्री ने घटना पर दुख जताया :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे पर दुख जताया। इन्होंने कहा कि हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ।



**पिछले साल हुए 4 बड़े हादसे**

**जनवरी, 2025:** बांदीपोरा में सेना का ट्रक खाई में गिरा। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई थी।
**मार्च, 2025:** मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी खाई में गिर गई थी। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी। 13 घायल हुए थे।
**मई, 2025:** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी।
**अगस्त, 2025:** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए।

### बांग्लादेश अड़ा भारत में वर्ल्ड कप खेलने से इनकार

वर्ल्ड कप से बाहर हो सकती है टीम, आईसीसी ने कहा था, भारत में ही खेलने होंगे मैच

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने गुरुवार को भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया है। टीम वर्ल्ड कप से बाहर हो सकती है। एक दिन पहले ही आईसीसी ने कहा था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही होंगे। बीसीबी ने अपने सभी मैच भारत की बजाय श्रीलंका में कराने की मांग की थी। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को नेशनल टीम के प्लेयर्स के साथ बैठक की। फिर कहा- 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।' बीसीबी के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने कहा- 'हम आईसीसी से एक बार फिर बात करेंगे और कहेंगे कि वे हमारी चिंताओं पर ध्यान दें। बांग्लादेश अपनी लड़ाई जारी रखेगा।

# ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' से भारत ने बनाई दूरी

### 60 देशों को न्योता भेजा, पाक समेत 20 ही पहुंचे

एजेंसी ▸▸| दावोस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे।



**यूरोपीय देश समारोह से गायब**
भारत ने इस समारोह से दूरी बना कर रखी। पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद रहे। वहीं, अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। पहले माना जा रहा था कि कार्यक्रम में 35 देशों के नेता शामिल हो सकते हैं।

**ट्रम्प अध्यक्ष होंगे, यूएन की भूमिका हो सकती है कमजोर**
ट्रम्प खुद इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। वे चाहते हैं कि यह बोर्ड सिर्फ गाजा के युद्धविराम तक सीमित न रहे, बल्कि दूसरे मुद्दों पर भी काम करे। हालांकि, इससे कुछ देशों को चिंता है कि इससे ग्लोबल डिप्लोमेसी में यूएन की भूमिका कमजोर हो सकती है। ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितंबर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। भेजे गए एक मसौदा (चार्टर) में कहा है कि जो देश तीन साल से ज्यादा समय तक इस बोर्ड का सदस्य बनना चाहते हैं, उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान देना होगा।

### सीधी भर्ती नहीं, योग्य अफसरों को ही करें प्रमोट : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने फोरेंसिक साइंस विभाग में हरियाणा सरकार और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा असिस्टेंट डायरेक्टर (टॉक्सिकोलॉजी) के दो पदों पर की गई सीधी भर्ती को रद्द कर दिया है। इससे प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों को राहत मिली है। जस्टिस जगमोहन बंसल ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जब विभाग में योग्य सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर उपलब्ध हैं, तब सरकार को सीधी भर्ती का सहारा लेने का कोई अधिकार नहीं था। यह मामला उस समय सामने आया, जब हरियाणा सरकार ने 15 जुलाई 2025 को विज्ञापन जारी कर फोरेंसिक साइंस विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर (टॉक्सिकोलॉजी) के दो पदों को सीधी भर्ती से भरने का निर्णय लिया।

**फोरेंसिक साइंस विभाग में होने वाली भर्ती रद्द**

### जूता फैक्टरी में भीषण आग सो रहे दो श्रमिक जिंदा जले

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-ए स्थित एक जूता फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस दौरान फैक्ट्री में सो रहे दो श्रमिक जिंदा जल गए, वहीं तीसरे श्रमिक ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई। फिलहाल वह आईसीयू में है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। आग लगने की यह घटना प्लाट नंबर-817 में हुई। उत्कर्ष इंटरप्राइजेज नाम की इस फैक्ट्री में जूते का अपर तैयार किया जाता है। वीरवार की सुबह करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। इस दौरान अंदर ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे अब्दुल अतावारिस व अमीरुद्दीन की जिंदा जलने से मौत हो गई। वहीं फर्स्ट फ्लोर पर सो रहा आरिफ बचने के लिए छत से कूदकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बहादुरगढ़ में एक श्रमिक ने छत से कूदकर जान बचाई**

### प्रदेश में पहली बार बीसी-बी महिला मेयर बनेगी, अंबाला सीट रिजर्व

**तीन मेयर पदों के लिए आरक्षण का ड्रा हुआ, छह निकायों में भी होंगे उपचुनाव**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के तीन नगर निगमों पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में मेयर पद चुनाव के लिए गुरुवार को ड्रॉ निकाला गया। इसमें अंबाला को महिला बीसी-बी के लिए रिजर्व किया गया, जबकि पंचकूला और सोनीपत की सीट अनारक्षित रहेगी। इन तीनों नगर निगमों के मेयर और पार्षदों का कार्यकाल इसी महीने में समाप्त हो चुका है। इसके लिए तीसरी बार ड्रॉ रखा गया था। इससे पहले 1 और 15 दिसंबर को ड्रॉ की तारीख तय की गई थी, लेकिन दोनों बार इसे टालना पड़ा था। खास बात ये है कि हरियाणा में बीसी-बी की महिला के लिए पहली बार मेयर पद आरक्षित हुआ है। इसके अलावा छह निकायों में उपचुनाव भी होंगे, जिनमें टोहाना, झज्जर, राजौंद, कनीना, तरावड़ी, साढौरा और करनाल शामिल हैं। इन निकायों में एक-एक वार्ड पार्षद के चुनाव होंगे।

**पंचकूला और सोनीपत की सीट रहेंगी अनारक्षित**




**बदलाव** | सरकार ने कानून बनाया, राज्यपाल ने जारी किया अध्यादेश

# अब पंच ही परमेश्वर, ग्रामसभा तय करेंगी किसे मिलेगा स्कीमों का लाभ

*अब ग्राम पंचायतों को नए कानून का पालन करना होगा, आएगी पारदर्शिता*

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

पंचायत विभाग की तमाम तरह की योजनाओं का लाभ उनको दिया जाता था, जिनके नाम ग्रामसभा पारित करती थी। लेकिन अब दूसरे सरकारी विभागों की स्कीमों का लाभ किसे मिले, ये अब ग्रामसभा ही तय करेगी। इस बारे में बकायदा सरकार ने कानून बना दिया। इसके लिए राज्यपाल की तरफ अध्यादेश भी जारी कर दिया गया है, ताकि भविष्य में होने वाली ग्रामसभाओं में पंचायतें नए कानून की पालना कर सकें। नया कानून लागू होने के बाद अब किसी भी विभाग का मुखिया किसी व्यक्ति को सरकारी स्कीम का लाभार्थी बनाने के लिए अपनी मनमर्जी नहीं कर सकेगा।

**ये हैं प्रमुख स्कीम**
सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। जिनमें बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन योजनाएं, गरीब परिवारों के लिए आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, महिलाओं के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, ड्रोन दीदी योजना, शिक्षा के लिए चिराग योजना, स्वास्थ्य के लिए चिरायु योजना शामिल हैं। ये सभी स्कीम अलग-अलग विभागों द्वारा चलाई जा रही हैं।



**अब यह विवाद**
ग्रामसभा के कोरम को लेकर प्रदेश में विवाद चल रहा है। ग्रामसभा की कार्रवाई के लिए पहले ये जनसंख्या का 10% था। लेकिन इसे 40% कर दिया। ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया 40% कोरम का नियम सरकार और सरपंचों के बीच सीधी टकराहट का कारण बन गया है।

**विभागों को भेजा पत्र**



सरकार की सभी स्कीमों की लाभार्थी सूची अब ग्रामसभा में ही बनेंगी। इसके लिए बकायदा सभी विभागों को पत्र भेज दिए गए हैं। लाडो लक्ष्मी स्कीम के नाम ग्रामसभाओं में तय किए जा रहे हैं।
*- राजपाल चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, रोहतक*

**ग्रामसभा की शक्तियां जानें**
गांव में विकास संबंधित जब कोई भी कार्य पंचायत द्वारा करवाया जाता है, सबसे पहले उसकी स्वीकृति ग्रामसभा से लेनी होती है। उदाहरण के तौर पर एक गली को भी पक्का कराना है तो उसके लिए किसी भी सार्वजनिक स्थल पर ग्रामसभा बुलाई जाती है। इसमें सरपंच और लोगों की मौजूदगी में पंचायत सचिव गली निर्माण का एजेंडा रखता है। ग्रामसभा का कोरम गांव की जनसंख्या पर निर्धारित है। ग्रामसभा द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद काम के एस्टीमेटम तैयार होंगे। इसके उपरांत दूसरी प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। ध्यान रहे कि बिना स्वीकृति के गांव में पंचायत एक ईंट भी नहीं लगा सकती है। यानी ग्रामसभा ही सर्वेसर्वा है।

## खबर संक्षेप

### सिविल सेवा खेलों के ट्रायल 27 से

चंडीगढ़। अखिल भारतीय सिविल सेवा अधिकारियों की विभिन्न खेलों में ट्रायल 27 जनवरी से शुरू होकर 2 फरवरी तक खेल विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगी। इच्छुक महिला व पुरुष अधिकारी निर्धारित स्थान व तिथि को पहुंच कर ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा में कैरम, कबड्डी , शतरंज, फिजिक, क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा राज्य के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे।

### भोंडसी सेंटर में सेफ्टी ट्रेनिंग कोर्स फरवरी में

**चंडीगढ़।** भोंडसी रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर, द्वारा आर्म्स एंड एम्युनिशन सेफ्टी ट्रेनिंग कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम फरवरी और मार्च 2026 के दौरान निर्धारित विभिन्न स्लॉट्स में आयोजित होगा। फरवरी माह में आर्म्स एंड एम्युनिशन सेफ्टी ट्रेनिंग कोर्स के कुल 8 स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। ट्रेनिंग कोर्स का मुख्य उद्देश्य इस विशेष प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को शस्त्रों और गोला-बारूद की सरक्षा, संचालन, रखरखाव, और जिम्मेदार उपयोग के बारे में गहन जानकारी और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### एक साल में 17000 लापता को घर पहुंचाया

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने गुमशुदा लोगों की तलाश को लेकर स्टेट क्राइम ब्रांच के विशेष सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। गुमशुदा बच्चों और अन्य व्यक्तियों का केंद्रीकृत रिकॉर्ड तैयार करेगी और आधुनिक तकनीक के माध्यम से उनकी त्वरित तलाश सुनिश्चित करेगी। यहां पर बता दें कि पिछले एक वर्ष में 17,000 से अधिक बिछड़े लोगों को उनके परिवारों से मिलवाया और हजारों घरों में फिर से खुशियां लौटाईं। डीजीपी ने निर्देश दिए गए है कि गुमशुदा व्यक्तियों की तस्वीरें उच्च गुणवत्ता की हों, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को और अधिक सक्रिय किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में खिलाड़ियों, युवाओं व सामाजिक संगठनों से प्री- बजट पर संवाद किया

# खेल, युवा शक्ति व नवाचार का केंद्र बनेगा हरियाणा : सीएम

**सरकार की खेल हितैषी नीतियों के कारण प्रदेश खिलाड़ियों का पॉवर हाउस बना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्री बजट संवाद के लिए बृहस्पतिवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में खिलाड़ियों, युवा कंटेंट क्रिएटर्स, स्किल उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप से जुड़े युवाओं से बजट के लिए विचार-विर्मश किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों के साथ भी बजट पूर्व मंथन किया। युवाओं से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज व देश में उनकी भूमिका निर्णायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की पहचान देश-विदेश में बनाने में युवाओं और खिलाड़ियों का अतुलनीय योगदान रहा है। ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य को खेलों का पावर हाउस सिद्ध किया है। शैफाली वर्मा, नीरज चोपड़ा, नीरज गोयत, रानी रामपाल और फोगाट बहनों का उल्लेख भी उन्होंने किया।






### कंटेंट क्रिएटर्स को सराहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का हरियाणा का युवा केवल खेलों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्टार्ट-अप, नवाचार, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा और आधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में भी नई पहचान बना रहा है। डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज का कंटेंट समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। कंटेंट केवल वायरल न हो, बल्कि सकारात्मक, मूल्य-आधारित और राष्ट्र व समाज को दिशा देने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई डिजिटल तकनीकें अवसर बढ़ा रही हैं, लेकिन चरित्र और विज़न तकनीक से भी बड़े तत्व हैं।

### आज के सुझाव बनेंगे कल के बजट का आधार

मुख्यमंत्री कहा कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ बजट 2026-27 में शामिल किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अगले 8 से 10 दिनों में अपने अतिरिक्त सुझाव सरकार के चैटबॉट के माध्यम से भेजें। सुझावों को शामिल करेंगे।

### बजट में समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी : मुख्यमंत्री

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, अधिवक्ता परिषद, विश्व हिंदू परिषद, क्रीड़ा भारती सहित अन्य प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्री-बजट के लिए सुझाव लिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि यह किसी एक सरकार या किसी चुनावी एजेंडे का बजट नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख नागरिकों का बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ऐसा बजट तैयार करना है, जो राज्य के समग्र और संतुलित विकास को गति प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने बजट-पूर्व परामर्श प्रक्रिया को लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण और सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि किसानों, श्रमिकों व अन्य वर्गों को बजट में महत्व दिया जाएगा।

## ट्रायल से पहले लंबे समय तक किसी आरोपी को जेल में रखना न्यायसंगत नहीं : हाईकोर्ट

- अरावली में अवैध खनन व अन्य मामलों के आरोपी को जमानत

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध सड़क निर्माण, पर्यावरणीय कानूनों के उल्लंघन और अवैध खनन को बढ़ावा देने से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में आरोपी पूर्व सरपंच मोहम्मद हनीफ उर्फ हन्ना को नियमित जमानत दे दी है। जस्टिस सुमित गोयल ने यह राहत देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता 15 अक्टूबर 2025 से न्यायिक हिरासत में है और मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा गवाहों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण ट्रायल के जल्द समाप्त होने की कोई संभावना नहीं दिखती। गुरुग्राम एंटी-करप्शन ब्यूरो ने एक जून 2025 में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। बसई मेव गांव में अवैध सड़क के निर्माण का भी आरोप था।

## एचपीएससी की 35% कट ऑफ क्राइटेरिया नीति से युवाओं के भविष्य पर संकट : सैलजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा भर्तियों में लागू की गई 35 प्रतिशत न्यूनतम अंक की नीति को लेकर कड़ा विरोध सामने आया है।



सांसद, कांग्रेस कमेटी महासचिव और पूर्व मंत्री सैलजा ने इस नीति को हरियाणा के युवाओं के साथ अन्याय बताते हुए कहा है कि यह व्यवस्था चयन की नहीं बल्कि योग्य अभ्यर्थियों को बाहर करने का साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस नीति के कारण हजारों पद खाली पड़े हैं और युवा बेरोजगारी झेलने को मजबूर हैं। सैलजा ने कहा कि उपलब्ध आंकड़े साफ बताते हैं कि अनेक विषयों में पात्र उम्मीदवार मौजूद होने के बावजूद नियुक्तियां नहीं की जा रहीं। सैकड़ों, हजारों पद स्वीकृत होने के बाद भी गिनती के लोगों का चयन हुआ है, जिससे शिक्षा व्यवस्था और प्रशासन दोनों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पद हैं, उम्मीदवार हैं और जरूरत भी है, तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है।

## हर घर योग, हर घर में संस्कार से ही बनेगा विकसित भारत : कल्याण



- विधानसभा में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** विधान सभा अध्यक्ष हरियाणा हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हर घर में योग हो, हर घर में योगशाला हो, हर घर में संस्कार हो, तभी हम सभी मिलकर भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना सार्थक योगदान दे सकते हैं। विधान सभा अध्यक्ष बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा विधान सभा में आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और आत्मा को सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जीवनशैली में योग की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## मिर्जापुर-बाछौद हवाई पट्टी पर हैंगर व एटीसी भवन बनेगा

- भवन के लिए 5 .81 करोड़ व हैंगर के लिए 8 .21 करोड़ स्वीकृत

**चंडीगढ़।** महेंद्रगढ़ जिला के अटेली व नारनौल के बीच स्थित मिर्जापुर-बाछौद हवाई पट्टी पर नए हैंगर एवं एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन का निर्माण होगा। इसके लिए लगभग 14 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सरकार हवाई क्षेत्र में भी ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने पर पूरा फोकस किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के तहत एटीसी भवन निर्माण के लिए लगभग 5.81 करोड़ तथा अतिरिक्त हैंगर निर्माण के लिए लगभग 8.21 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी, बी एंड आर) के माध्यम से पूरा किया जाएगा तथा सभी प्रक्रियाओं को समय पर पूरा किया जाएगा।

## अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** जिला पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देसी कट्टे व एक देसी पिस्टल बरामद की हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 जनवरी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने मुकुल वासी गांव ताजपुर फरीदाबाद को देशी पिस्टल सहित गांव बदरपुर सैद मोड के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने सुन्दर वासी गांव दिघोट जिला पलवल हाल नेहरू कालोनी फरीदाबाद को देशी कट्टा सहित डिलाईट गार्डन, सूरजकुंड रोड के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत केस दर्ज कर अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।


### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी–133001 द्वारा समरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | ई–निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | बयाना राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98265016 | हाई डेफिनिशन लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट। (विनिर्देश संलग्न हैं) | 01 Ncs. | 18.02.2026 at 11:00 hrs | 1,10,800/- |


नोट: 1) विक्रेता विवरण के लिए IREPS website **i.e.www.ireps.gov.in** पर जा सकते है। 2) किसी भी मैन्युअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा । **निविदा सं० 98265016 दिनांक: 21.01.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 232/26



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 307 दिनांक 20.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना बड़ी जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - किरण।
पिता का नाम - सुरेश कुमार ।
पता वासी शिव कालोनी बेगा रोड़ गन्नौर सोनीपत हरियाणा ।
उम्र 17 वर्ष।
कद - 5 फुट 1 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, गोल नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24.11.2025 को किरण पुत्री सुरेश कुमार वासी शिव कालोनी बेगा रोड़ गन्नौर सोनीपत जो GT रोड़ गन्नौर से कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना - 7419410541**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9034241700**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4381/2026/42322/88/6 दि. 22.01.26



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में फैकल्टी डॅवलपमेंट सैल बिल्डिंग में कांफ्रैंस हॉल्स और मीटिंग रूम में एलईडी स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल की आपूर्ति व स्थापना। | 21.01.2026 10.02.2026 | 10.96 लाख | [illegible] | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42332/I/88/6 दि. 22.01.26



### Horticulture Department (Haryana)
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com,Ph:-01285-244076

#### एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आंमत्रित

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीम मशरूम उत्पादन, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 आवेदक प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्री ठहराव की व्यवस्था नही होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची पुन निर्धारित निम्नप्रकार से हैः-

| क्र. सं. | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02.03.2026-07.03.2026 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए ट्रेनिंग ईचांर्ज, डा० मुकेश शिवरान, विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

**हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान**
**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (महेन्द्रगढ़)**
**पीआरडीएच-1149/11/1035/2026/42324/88/6 दि. 22.01.26**



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल सिरसा में नियंत्रण कक्ष भवन की मरम्मत और रखरखाव। | 20.01.2026 29.01.2026 | रु. 4,20,676/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 2×160 एमवीए, 220/132 केवी जमा 1×100 एमवीए 220/33 केवी टीआईएफएस की स्थापित क्षमता सहित 200 केवी एआईएस सब स्टेशन नैन की रचना सहित 2×200 केवीए 33/0.4 केवी ऑग्जीलियरी टी/एफएस- 5 अदद 132 केवी उपकरण फाउंडेशन की रचना केवल (सिविल वर्क्स) (सोनीपत)। | 19.01.2026 27.01.2026 | रु. 2,24,445/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/42307/I/88/6 दि. 22.01.26



### उत्तर रेलवे
#### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से जनरल कैटेगरी (व्यक्तिगत/सांझेदारी फर्मो/कम्पनियों/सहकारी/स्वयं सहायता समूहों) एवं आरक्षित कैटेगरी से, अम्बाला मंडल के रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टाल (जनरल माइनर यूनिट) को पांच वर्षों तक संचालन हेतु ई–निविदा दिनांक 09.02.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | स्टेशन का नाम | स्टेशन कैटेगरी | स्टाल सं. | स्थान | टेंडर डाक्यूमेंट्स का मूल्य + @18% GST प्रति टेंडर (रूपए में) | प्रथम वर्ष के लिए आरक्षित मूल्य (रूपए में) | बयाना राशि (रूपए में) | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMB-CTG-SRE-GMU-01-26 | सहारनपुर | एनएसजी–3 | SRE-11 | प्लेटफार्म सं. 11 | 2,950 | 6,72,883/- | 3,50,000/- | सामान्य महिला |
| 2 | UMB-CTG-UMB-GMU-01-26 | अम्बाला छावनी | एनएसजी–2 | UMB-02 | प्लेटफार्म सं. 01 | 2,950 | 10,50,825/- | 5,46,500/- | सामान्य |

**नोट:** उपरोक्त ई–निविदा/निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (ई–निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 09.02.2026 समय 15:00 बजे तक उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन को किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार प्राप्त है।
**(फाइल सं.:NR-UMB0COML(CG)/29/2024)** **243/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
#### खुली निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-08-2025-26-02 | अंबाला डिवीजन में RDSO निर्देश संख्या TI/IN/0048 या लेटेस्ट के अनुसार मौजूदा SCADA सिस्टम में साइवर सुरक्षा लागू करने हेतु कार्य। | 13.02.2026 | ₹ 7,56,16,192/- | ₹ 5,28,100/- | 09 महीने | 60 दिन | downloading through IREPS portal-NIL (₹ 10,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है।
2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास III Digital Signature Certificate होनी चाहिए।
3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होगे।
4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु है एवं इस प्रकार है: **"Railway Board/RDSO Guideline for eligibility criteria to be followed" OR "Interfacing of numerical relays to SCADA system through serial communication port based on IEC Protocol.**
5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

संख्या. **ETrU-T-08-2025-26-02** दिनांक **: 22.01.2026** **237/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स नरवाना में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु सुविधाएं। | 21.01.2026 02.02.2026 | 80.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी जिले में चौ. बंसीलाल हवाई पट्टी भिवानी में विभिन्न भवन का निर्माण (बकाया हाई बे लाइट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 21.01.2026 30.01.2026 | 15.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, जिला करनाल में नये नियुक्त किए गए ज्यूडीशियल ऑफिसर के लिए सात न्यायालय कमरों का निर्माण (ए.सी. का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 22.01.2026 29.01.2026 | 55.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में एनएच–09 सहित सिरसा जंक्शन के मिनी बाईपास पर कि.मी. 226/1–2 रेवाड़ी बठिंडा सेक्शन पर एलसी नं. 146 एसपीएल. पर दो लेन आरओबी के निर्माण हेतु डीएनआईटी। | 21.01.2026 11.02.2026 | 1073.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में भ व प सड़कों अर्थात डीएचएस रोड निकट खेड़ीसाध बाईपास और आईएमटी चौक से जीन्द आरओबी तक तथा शीला चौक से गांव बोहर तक सोनीपत रोड पर सोडियम लाइट का एलईडी स्ट्रीट लाइट के साथ अपग्रेडेशन (सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 21.01.2026 28.01.2026 | 79.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 3000–आर कुस्सार माइनर पर ओ/एल का पुनर्निर्माण, डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग की मरम्मत और कुस्सार माइनर के आरडी 3000 पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 1.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | रिठाल किलोई मुंडाक लिंक ड्रेन पर आरडीएस 260, 1720, 3900, 4900, 5300, 5900, 8600, 10200, 22600 पर आरसीसी बॉक्स कल्वटर्स सहित पाइप कल्वर्ट को बदलने के कार्य हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 241.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. वाटमैन फिल्टर पेपर नं. 1 :– 46×57 सेमी. शीट, 500/पीके 2. वाटमैन फिल्टर पेपर नं. 42 :– 46×57 सेमी. शीट, 100/पीके | 23.01.2026 06.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा अपेक्षित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में अपेक्षित एनएबीएल सर्टिफाइड ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट की अधिप्राप्ति के लिए 02 वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 22.01.2026 05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में अल्कलाइन पोटेशियम परमेंगनेट मैथड द्वारा मृदा में नाइट्रोजन एनालिसिस के लिए पूर्णतया ऑटोमेटिक ऑटो एनालाइजर की अधिप्राप्ति के लिए 02 वर्षीय आर/सी की व्यवस्था करना। | 22.01.2026 05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में वेस्ट वाटर की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2026 28.01.2026 | 162.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार सिटी में सुपर सकर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार की सीवर लाइंस की सफाई। पी3 | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 237.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 13 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 98 अदद 5.56×44 एमएम कार्बाइन सीक्यूबी की खरीद। | 21.01.2026 06.02.2026 | 99.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 supdt.provphq@gmail.com |
| 14 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | किचन और डाइट्री सेवाओं के लिए ई–निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। (सेवाएं) | 22.01.2026 02.02.2026 | EMD 2.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 15 | वन विभाग भिवानी | डीएफओ ऑफिस के साथ लगती पश्चिमी साइड चारदिवारी के निर्माण हेतु निविदा। | 22.01.2026 29.01.2026 | 3.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 16 | वन विभाग सिरसा | डिमार्केशन वर्क्स, बिल्डिंग रखरखाव और कल्चरल ऑपरेशन वर्क्स के लिए सार्वजनिक सूचना। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 8.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 17 | सामाजिक न्याय, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सशक्तिकरण और अंत्योदय (सेवा) विभाग रोहतक | मानसिक रूप से विकलांग, बच्चों के लिए अर्पण संस्थान रोहतक / मानसिक विकलांग व्यस्क व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु श्रवण केन्द्र रोहतक के लिए जनरेटर। | 24.01.2026 02.02.2026 | 50000/- | www.shravanorg.com | 8307434351 dsworoh@hry.nic.in |
| 18 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में गांव पीलीमंदोरी में 'संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के तहत पण्डित जसराज जी जयंती के समारोह के सम्बन्ध में टेंट और अन्य सम्बन्धित मदों की आपूर्ति व स्थापना (निविदा आईडी 2026_HRY_498598_1)। | 22.01.2026 27.01.2026 | 47.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 19 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | शारीरिक माप परीक्षा और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट सेवाओं के लिए ई–निविदा सूचना। | 22.01.2026 05.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | http://www.hssc.gov.in | 9814301658 hsscresultpublication@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/380/42348/I/88/6 दि. 22.01.26

### यूपी के सीएम ने नागे धाम मुरथल में मसाण महाराज को गद्दीनशीन करवाया

# सनातन धर्म और भारत एक-दूसरे के पूरक, अगली सहस्त्राब्दी में विश्व में डंका बजेगा : योगी आदित्यनाथ

- मुरथल में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे में देश भर से संत-श्रद्धालु उमड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई


राई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान करते नेता।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठवीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी तक गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारत पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों से देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्परा को बड़ा नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आजादी के अमृत काल में जो कदम बढ़ाए हैं, उससे भारत के वैभवशाली इतिहास का अगले 1000 साल तक दुनिया में डंका बजना चाहिए। ऐसा केवल राजनीतिक नेतृत्व नहीं, बल्कि समाज की भागीदारी से सुनिश्चित होगा।

वीरवार को योगी आदित्यनाथ मुरथल में बाबा नागे धाम पर सिद्ध बाबा महन्त बुधनाथ महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं भण्डारे में शामिल हुए। उन्होंने बाल योगी मसाण महाराज को महन्त के तौर पर गद्दीनशीन करवाया। देशभर से आए नाथ सम्प्रदाय के हजारों योगीवीर, पीठाधीश्वर, सन्त एवं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म केवल उपासना की विधि नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली व्यापक संस्कृति है। भारत और सनातन धर्म एक-दूसरे के पूरक हैं। भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म मजबूत होगा और सनातन धर्म की मजबूती से विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, बल्कि समाज को संस्कार, सेवा और समरसता से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का भव्य विकास और प्रयागराज में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व सहभागिता भारत के सांस्कृतिक वैभव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कभी अकल्पनीय लगने वाले कार्य आज संभव हुए हैं और यह सशक्त राजनीतिक नेतृत्व, संत समाज के आशीर्वाद और जनभागीदारी का परिणाम है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं का संगम में स्नान करना विश्व के लिए आश्चर्य का विषय है।

## नशे के खिलाफ अभियान चलाएं

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाला एक हजार वर्ष भारत का होगा और सनातन धर्म को परम वैभव तक पहुंचाने का होगा, जिसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने संत समाज और नागरिकों से नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व विधायक बाबा बालकनाथ आदि मौजूद रहे।

## मकान की छत गिरने से व्यक्ति की मौत



**जींद।** गांव डोहनाखेड़ा में वीरवार दो मंजिला मकान की छत गिरने से काला (40) की मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना के दौरान मृतक की पत्नी तथा बच्चे मकान से बाहर थे। परिजनों ने बताया कि काला दूध की डेयरी चलाता था। ग्रामीणों ने बताया कि मकान काफी पुराना था। जिसकी कड़ियों की छत थी। ऊपरी मंजिल की दीवार में दरार तथा छत कमजोर होने के कारण वह गिर गई। जिसके साथ नीचे वाली मंजिल की छत भी गिर गई, जिसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई।

### लीव इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े का दर्दनाक अंत

## शादीशुदा प्रेमी ने फंदा लगाया, अगले दिन वन स्टॉप सेंटर में युवती ने जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रेमी व प्रेमिका ने आत्महत्या कर ली। गांव डीग निवासी 27 वर्षीय अमित ने बुधवार को गांव में अपने खेतों में फंदा लगा आत्महत्या कर ली थी। वहीं हजवाना की 23 वर्षीया प्रीति ने वीरवार को सायं कैथल के वन स्टॉप सेंटर के बाथरूम में चुन्नी से फंदा लगा जान दे दी। इससे वन स्टॉप सेंटर में हड़कंप मच गया। जांच के बाद युवती के शव को फंदे से उतार सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। युवक शादीशुदा था और उसकी एक बेटी है। बताया जा रहा है कि दोनों छह माह से घर से भागकर रिलेशन में रह रहे थे। इस संबंध में युवती के परिजनों ने पूंडरी पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवा रखी थी।

शिकायत के बाद पूंडरी थाना पुलिस ने तीन दिन पहले ही युवती की तलाश करते हुए उसे बरामद कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को युवती के कोर्ट में बयान करवाने के बाद उसे कोर्ट के आदेशों पर कैथल के वन स्टॉप सेंटर में भेजा था। युवती ने अपने परिजनों के साथ जाने से मना कर दिया था।

## जींद-भिवानी कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जींद/भिवानी।** भिवानी और जींद अदालत परिसर को बम से उड़ाने की ईमेल आने पर हड़कंप की स्थिति बन गई। पुलिस ने बम निरोधक दस्ते तथा डॉग स्कवायड के साथ अदालत परिसर में सर्च अभियान चलाया। अदालत परिसर में आने वाले लोगों की तलाशी ली गई। संदिग्ध लोगों को वेरिफाई भी किया गया। लगभग साढ़े चार घंटे चले सर्च अभियान के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। हालांकि अदालतों का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहा। इससे पहले हरियाणा में कई जिलों में इस तरह की अफवाह आ चुकी है, जिसमें कई मामलों में आरोपी पकड़े भी गए हैं।






# देश को मिला विश्व का पहला इंटीग्रेटेड हाइब्रिड हॉस्पिटल

## *शाह ने पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया*

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 दिन के दौरे पर गुरुवार को उत्तराखंड पहुंचे। यहां हरिद्वार में अमित शाह और रामदेव बाबा ने एक-दूसरे के पैर छुए। पतंजलि के डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने भी शाह के पैर छुए। इससे पहले शाह और सीएम पुष्कर सिंह धामी महर्षि दयानंद ग्राम स्थित पतंजलि योगपीठ परिसर पहुंचे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया, जो आपातकालीन और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को त्वरित और उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा।

मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी



- शाह और बाबा रामदेव ने एक दूसरे के पैर छुए
- अस्पताल की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना
- गायत्री परिवार के समारोह में भी हुए शामिल

### केंद्रीय मंत्री का दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे का हिस्सा रहा कार्यक्रम

#### अवधेशानंद से मिले

यह कार्यक्रम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय उत्तराखंड प्रवास का हिस्सा था। बुधवार शाम को अमित शाह हरिद्वार पहुंचे थे, जहां उन्होंने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। रात्रि विश्राम भी उन्होंने पतंजलि योगपीठ में ही किया। अस्पताल के उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे।

#### आचार्य बालकृष्ण ने शाह का भव्य स्वागत किया

अमित शाह ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योग गुरु स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी एवं पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने उनका भव्य स्वागत किया। गुरुवार को अस्पताल उद्घाटन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में भी शामिल हुए। इस दौरान आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने सहभागिता की।अस्पताल के शुरू होने से हरिद्वार और आसपास के इलाकों में गंभीर मरीजों के लिए समय पर और बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सकेगा। इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक ज्ञान के प्रभावी संयोजन को दर्शाता है। शाह के इस दौरे से स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा देखने को मिली है।

# मुंबई समेत 15 निगमों में महिला महापौर होंगी

- महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव में कुल 29 निगमों से 25 पर महायुति का कब्जा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से होना चाहिए था। 29 में से 12 सीटें एसटी, एससी, ओबीसी कैटेगरी के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि 17 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं। शिंदे के गढ़ ठाणे में महापौर एससी कैटेगरी का होगा। मुंबई में 8वीं बार महिला को यह पद मिलेगा।



इससे पहले किशोरी पेडनेकर मेयर थीं। इन नगर निगमों में 15 जनवरी को मतदान हुआ था और रिजल्ट 16 जनवरी को आया था।अब जब आरक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है, तो पूरे राज्य में राजनीतिक दलों ने योग्यता के नए ढांचे के तहत अपनी रणनीतियों और संभावित उम्मीदवारों का फिर से आकलन करना शुरू कर दिया है।

## विजय और हसन की पार्टी को चुनाव चिन्ह



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम और अभिनेता कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को तमिलनाडु चुनावों के लिए सीटी और कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) को बैटरी टॉर्च चुनाव चिन्ह दिया गया है।

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD–380015

**विज्ञापन सं. /Advertisement No.: सैक SAC: 01:2026: दिनांक/ dated: 23.01.2026**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) अर्ह अभ्यर्थियों से सैक अहमदाबाद में **वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी'** के पद तथा सैक, अहमदाबाद, एनआरएससी, हैदराबाद, एनईसैक, मेघालय और वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम में **वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी'** के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

वैज्ञानिक/अभियंता 'एसडी' के लिए आवेदन केवल **इसरो लाइव पंजीकरण पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे 12.02.2026 (1700 घंटे) तक या उससे पहले इसरो के केरियर टेब में लाइव पंजीयन पोर्टल https://www.isro.gov.in पर पंजीयन करें या अपना पंजीयन अद्यतन करें। **लाइव पंजीकरण पोर्टल** पर https://liveregister.isro.gov.in/LRClient से सीधे पहुँचा जा सकता है।

वैज्ञानिक/अभियंता **'एससी'** के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन और आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। **ऑनलाइन पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन भरने और आवेदन शुल्क जमा करने के लिए साइट 23.01.2026 को 1000 बजे से 12.02.2026 को 1700 बजे तक उपलब्ध रहेगी।**

**कोई भी परिशिष्ट / अद्यतन / शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट www.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।

CBC 49107/11/0022/2526

### मनरेगा बचाओ सम्मेलन में बोले राहुल

# वीबी जीरामजी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला



- राहुल ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी
- कांग्रेस सांसद बोले-मनरेगा में गरीब लोगों को काम करने का अधिकार था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि वे वीबी जीरामजी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण))बिल के बारे में नहीं जानते। उन्होंने कहा कि बीवी जी रामजी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है। राहुल ने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों। राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राहुल और खड़गे ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से मजदूरों की लाई मिट्टी पौधों में डाली। सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की स्मृति से मिटाने की कोशिश है। उनकी पार्टी संसद के आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी।

#### अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था

राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी। अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था। सभी गरीब लोगों को मनरेगा के तहत काम करने का अधिकार था। पीएम मोदी-भाजपा उस कन्सेप्ट को खत्म करना चाहती है।

### गोयल ने पलानीस्वामी से मुलाकात की, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक नीत राजग के सत्ता में आने का दावा किया



चेन्नई (भाषा)। तमिलनाडु के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल ने कहा कि अन्नाद्रमुक नीत मजबूत राजग अप्रैल में सत्ता में आएगा तथा यह बुनियादी ढांचे के विकास और सुशासन के माध्यम से राज्य के भविष्य को बदल देगा। उन्होंने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के साथ नाश्ते पर हुई बैठक के बाद कहा कि यह गठजोड़ जनता के कल्याण के लिए प्रयासरत रहेगा और तमिलनाडु के गौरव को बहाल करेगा। गोयल ने आगामी विस चुनावों में गठजोड़ के शानदार जीत हासिल करेगा।

# अविमुक्तेश्वरानंद व माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव जारी



- अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से मेला प्रशासन को नोटिस का जवाब भेजा गया
- डिप्टी सीएम ने कहा शंकराचार्य के चरणों में प्रणाम, विवाद खत्म करें

**लखनऊ(एजेंसी)।** प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 48 घंटे के अंदर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस भेजा है। इसमें मौनी अमावस्या के दिन बैरियर तोड़ने और जबरन भीड़ में बग्घी घुसाने को लेकर सवाल किए हैं। पूछा है कि क्यों न आपको हमेशा के लिए माघ मेले से बैन कर दिया जाए? 24 घंटे में संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संस्था को दी गई जमीन और सुविधाएं वापस ले लेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगिराज ने कहा कि प्रशासन ने बुधवार शाम 7 बजे शिविर के पीछे नोटिस चस्पा किया, जिस पर 18 जनवरी की डेट थी। अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार सुबह 8 बजे 3 पेज में दूसरे नोटिस का जवाब मेला ऑफिस भिजवाया।

#### योगी बोले- किसी को परंपरा बाधित करने का हक नहीं



सीएम योगी ने अविमुक्तेश्वरानंद का बिना नाम लिए कहा कि किसी को परंपरा बाधित करने का हक नहीं। ऐसे तमाम कालनेमि हैं, जो धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा। संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि मैं अविमुक्तेश्वरानंद के चरणों में प्रणाम करता हूं। उनसे प्रार्थना है कि वह स्नान कर इस विषय का समापन करें।



# राफेल-सुखोई करेंगे फ्लाई पास्ट
# गणतंत्र दिवस पर आसमान में दिखेगा शक्ति का प्रतीक 'सिंदूर' फॉर्मेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट बेहद खास और प्रतीकात्मक होने जा रहा है। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे, जो सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक होगा। इस विशेष फॉर्मेशन में दो राफेल, दो मिग-29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। यह फॉर्मेशन भारतीय वायुसेना की आधुनिक क्षमताओं और रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। भारतीय सेनाओं ने बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ये भारतीय लड़ाकू विमान अब गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरते नजर आएंगे।

### ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे एमआई-17 हेलीकॉप्टर

### फ्लाई पास्ट में दिखेंगे स्वदेशी और आधुनिक विमान



रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान फ्लाई पास्ट करते हुए

### 29 वायुसेना विमान होंगे शामिल

भारतीय वायुसेना के अनुसार, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 29 विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा लेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। 26 जनवरी को फ्लाई पास्ट के दौरान चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में नजर आएंगे। ये हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज, थल सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के ध्वज लहराते हुए उड़ान भरेंगे। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर प्रहार, गरुड़ अर्जन, वरुणा, वजरंग और विजय फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

### भारतीय वायुसेना प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में भारतीय वायुसेना अनुशासन, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता का प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में स्क्वाड्रन लीडर हेमंत सिंह कन्यार गार्ड ऑफ ऑनर के कमांडर होंगे और वायुसेना का दल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता ढांकर कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगी। वहीं, स्क्वाड्रन लीडर जगदेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना का मार्चिंग कॉन्टिन्जेंट कर्तव्य पथ से गुजरते हुए सटीक कदमताल और अनुशासन का प्रदर्शन करेगा।

### 18 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी

गणतंत्र दिवस 2026 राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। पूरे समारोह में 'वंदे मातरम' की स्पष्ट और प्रभावी छाप देखने को मिलेगी। वायुसेना के बैंड इससे जुड़ी धुनें बजाते नजर आएंगे। परेड में विभिन्न सेवाओं की कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल होंगे। परेड की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो पूरे समारोह को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देगी।

### सेना के रोबोटिक म्यूल भी भाग लेंगे

परेड का मुख्य आकर्षण सेना के रोबोटिक म्यूल भी होंगे। यह दुर्गम और घने जंगल वाले इलाकों में सैनिकों से पहले आगे जाते नजर आएंगे। यह संदिग्ध इलाकों की जांच कर दुश्मन की मौजूदगी की जानकारी देंगे और सैन्य निगरानी में फायरिंग भी करेंगे। इसमें लगे 360-डिग्री कैमरे और थर्मल सेंसरअंधेरे में भी देख सकेंगें।

### स्वदेशी उपकरण प्रदर्शित होंगे

परेड के तुरंत बाद होने वाले फ्लाई पास्ट में राफेल, सुखोई-30, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच और एमआई-17 जैसे विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। इस दौरान तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण और हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### क्रोशिया स्थित भारतीय दूतावास पर हमला



**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब में स्थित अपने दूतावास परिसर में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को एक में कहा कि भारत ने इस मामले को नई दिल्ली और जाग्रेब दोनों जगहों पर क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है। साथ ही, भारत ने क्रोएशिया सरकार से मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें उनके निंदनीय और अवैध कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।

### थाईलैंड में 16 भारतीयों को बनाया 'गुलाम' वापस लाएं



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के मुताबिक कम से कम 16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर बंधक बना लिए गए हैं। इन लोगों को थाईलैंड में अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया गया था लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें म्यांमार की सीमा पर ले जाकर गुलाम बना लिया गया। इन बंधकों में तीन लोग हैदराबाद के रहने वाले हैं जो अब वहां नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। ओवैसी ने विदेश मंत्री जयशंकर से सोशल मीडिया के जरिए तुरंत हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

### 25 जनवरी को भारत दौरे पर आएंगे यूरोपीय संघ के दो शीर्ष नेता

# पीएम के साथ होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, एफटीए ऐलान की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इस बार 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोनों नेता 27 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। भारत दौरे पर उनकी मुलाकात देश की राष्ट्रपति और प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू से होगी। इसके साथ ही दोनों नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। ऐसे में ईयू नेताओं के भारत दौरे से कयास लगाए जा रहे हैं कि एफटीए का ऐलान हो सकता है।

*गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे कोस्टा और लेयेन*

*16वें भारत-ईयू सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे*



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

### एक छोटा ईयू सैन्य दल परेड में भाग लेगा

एक छोटा ईयू सैन्य दल गणतंत्र दिवस क परेड में भाग लेगा। ऑपरेशन अटलांटा और ऑपरेशन एस्पाइड्स जैसे ईयू नौसैनिक अभियानों के झंडे प्रदर्शित किए जाएंगे। व्यापार और सुरक्षा से जुड़े नेताओं सहित 90 से अधिक ईयू अधिकारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शीर्ष यूरोपीय नेतृत्व की मौजूदगी दोनों पक्षों के बीच बढ़ते राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है।

### नए समझौतों की घोषणा होगी

उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन की बैठक में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष, रक्षा सहयोग और मोबिलिटी से जुड़े नए समझौतों की घोषणा की संभावना है। बता दें, भारत-ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता 2007 में शुरू हुई थी, 2013 में स्थगित हुई और जून 2022 में फिर से शुरू की गई। नए समझौतों की घोषणा के बाद कानूनी जांच और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया होगी। एफटीए लागू होने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा, शुल्क कम होंगे और भारतीय निर्यातकों व यूरोपीय निवेशकों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

### भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही

बैठक में भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही पर प्रस्तावित एमओयू हो सकता है। यह कानूनी और संरचित प्रवासन मार्गों पर केंद्रित होगा। कुशल पेशेवरों, छात्रों और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा। फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे देशों के साथ पहले से ऐसे द्विपक्षीय समझौते मौजूद हैं। नया ढांचा ईयू स्तर पर सहयोग को विस्तार देगा। यह पहल लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगी, यूरोप की कुशल श्रम मांग को पूरा करेगी और भारत के युवा कार्यबल के लिए नए अवसर खोलेगी।

### मीडिया कवरेज के लिए सीमित प्रवेश

विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि ज्यादा डिमांड की वजह से, एक्सपी डिवीजन हैदराबाद हाउस के अंदर लोगों की संख्या कम रखेगा और वायर सर्विस को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि सभी आउटलेट को विजुअल्स मिल सकें। हैदराबाद हाउस की तस्वीरें और वीडियो विदेश मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध होंगी और मंत्रालय को क्रेडिट देकर रिपोर्टिंग के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी मीडिया आउटलेट्स से अनुरोध किया है कि हैदराबाद हाउस में होने वाले कार्यक्रम के लिए 23 जनवरी, 2026 को 10 बजे तक गूगल शीट भर दें।

### रक्षा सहयोग पर विशेष जोर

भारत-ईयू के बीच रक्षा सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारतीय कंपनियों को ईयू के सेफ (सिक्युरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकती है। सेफ, यूरोप की रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए 150 अरब यूरो का रक्षा फंडिंग साधन है। इसके अलावा सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो सकती है, जिससे गोपनीय रक्षा जानकारी का सुरक्षित आदान–प्रदान और संयुक्त रक्षा विनिर्माण संभव होगा।

### दो चरणों में पूरी होगी प्रक्रिया

# जनगणना में 33 सवाल पूछेगी सरकार, मकान परिवार व वाहन जैसी जानकारियां देनी होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को जनगणना 2027 से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इसमें जनगणना में पूछे जाने वाले 33 सवालों की लिस्ट है, जिसमें मकान, परिवार, वाहन से जुड़े सवाल हैं। जनगणना के दौरान परिवार के मुखिया को ये जानकारियां देनी होंगी। इससे पहले सरकार ने बताया था कि जनगणना दो फेज में होगी। पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा। इसमें घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा जुटाया जाएगा। दूसरा फेज फरवरी 2027 से आबादी की गिनती से शुरू होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी।

**पहला चरण अप्रैल से सितंबर तक चलेगा, डेटा जुटाया जाएगा**




## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **पुलकित गोयल, पुत्रः** श्री महेन्द्र गोयल, पताः मकान न. 321/29, गली न. 6, देव नगर, सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR No.: 60/2019, दिनांकः 15.04.2019, U/s: 409/417/420/467/468/471/120-B IPC & 132(1)(b)(c) CGST Act, 2017, थानाः ईओडब्ल्यू, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पुलकित गोयल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पुलकित गोयल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 60/2019, दिनांकः 15.04.2019, U/s: 409/417/420/467/468/471/120-B IPC & 132(1)(b)(c) CGST Act, 2017, थानाः ईओडब्ल्यू, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **पुलकित गोयल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
जिला केन्द्रीय, कमरा न. 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/1006/EOW/2026
(Court Matter)


# 1 करोड़ का इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर, हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए। अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।



### विस्फोटक सामग्री बरामद

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है।

### इंडिगो की उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**पुणे (भाषा)।** दिल्ली से पुणे आ रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-2608 को बृहस्पतिवार शाम को हवाई अड्डे पर पहुंचने पर बम की धमकी की सूचना मिली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान की जांच करने पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

विमान को रात 8:40 बजे पहुंचना था, लेकिन वह रात 9:24 बजे उतरा और रात 9:27 बजे वे नंबर तीन पर पार्क किया गया। इसके बाद, हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) ने बम की धमकी की जानकारी एप्रन कंट्रोल को दी। एप्रन कंट्रोल ने तुरंत सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क किया और बम धमकी मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाई गई।" अधिकारी ने बताया कि मूल्यांकन के बाद बम पहचान एवं निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) द्वारा विमान की पूरी तरह से जांच की गई।

### हिसार के रोहताश खलेरी ने रचा वर्ल्ड रिकॉर्ड

# यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची पर बिताए 24 घंटे, विश्व के पहले पर्वतारोही बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश के पर्वतारोही ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर बिना ऑक्सीजन के 24 घंटे बिता दिए। हिसार के गांव मलापुर के रोहताश खिलेरी ने 18,510 फीट की ऊंचाई पर बिना किसी ऑक्सीजन सपोर्ट के लगातार 24 घंटे बिताने के बाद खुद वीडियो शूट किया।

रोहताश ने दावा किया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है और वह ऐसा कारनामा करने वाले दुनिया के पहले इंसान हैं। वह 8 साल से पर्वतारोहण कर रहे हैं। 20 जनवरी को रोहताश जब माउंट एल्ब्रुस पर्वत पर थे, तब वहां का तापमान -40 से -50 डिग्री सेल्सियस तक था। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। बता दें कि रोहताश के पिता सुभाष चंद्र किसान हैं जबकि माता बंसी देवी गृहिणी हैं।



### मौत को मात दे फहराया तिरंगा

पर्वतारोही ने बताया कि शिखर पर स्थिति बेहद भयावह थी। तापमान -40 से -50 डिग्री तक था। कोई भी साथी इतनी ठंड में साथ रुकने को तैयार नहीं था, रोहताश वहां अकेले डटे रहे। रोहताश ने अपनी इस कामयाबी को तिरंगे की शान और देशवासियों को समर्पित किया है।

### इंडिया बुक में रिकॉर्ड दर्ज कर चुके

रोहताश खिलेरी का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ है। रोहताश को डाक से सर्टिफिकेट मिले। रोहताश ने 2021 में 21 मार्च को अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर 24 घंटे रुककर तिरंगा लहराया था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगरीय भूमि एमआईई पार्ट–बी, नगर परिषद बहादुरगढ़ में डॉग शेल्टर और स्क्रैप यार्ड का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | रु. 3,63,99,480/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42304/I/88/6 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत) हरियाणा | बीपीएसएमवी, खानपुर कलां, सोनीपत हरियाणा में कन्या छात्रावास नं. 9 के निर्माण हेतु निविदा। | 21.01.2026 12.02.2026 | रु. 16,95,05,762/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416486361 xen@bpswomenuniversity.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42302/I/88/6 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बरवाला | नगर परिषद बरवाला में भनबोरी रोड पर स्थित दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पार्क (देवी लाल पार्क) का विकास + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 7206706460 secymcbarwala@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42313/I/88/6 दि. 22.01.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | वार्ड नं. 9 हिसार में विश्वकर्मा कॉलोनी और अन्य गलियों में आईपीबी गलियों का निर्माण + 2 कार्य (हिसार)। | बंद होने की तिथि 29.01.2026 | रु. 2,01,53,481/- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |
| 2 | नगर निगम हिसार | फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक तौर पर निपटान और लिगेसी वेस्ट के रिमेडिएशन तथा भूमि रिक्लेमेशन हेतु एजेंसी का चयन (हिसार)। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | रु. 74.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/42338/I/88/6 दि. 22.01.26


### बंगाल में एसआईआर पर तकरार

# कोर्ट के आदेश पर हो रहा सुधार कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश पर अमल शुरू कर दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सभी सुधार करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर और सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षकों को एसआईआर के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आश्वस्त किया है कि किसी को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को कई निर्देश दिए थे। आयोग ने एसआईआर के लिए जो निर्देश दिए हैं, उनके मुताबिक 24 जनवरी तक तार्किक श्रेणी के तहत लोगों की नाम से संबंधित विसंगतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। ग्राम पंचायत भवनों के साथ हर तहसील और ब्लॉक दफ्तर में सार्वजनिक स्थानों पर, सभी शहरों के वार्ड कार्यालयों में इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे

# रामलला को भेंट किया गया भव्य 'स्वर्ण कोदंड', इसे 48 महिलाओं ने तैयार किया

## ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को भव्य 'स्वर्ण कोदंड' भेंट किया गया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूरे हो गए हैं। मंदिर में देशभर से श्रद्धालुओं की ओर से अनुपम उपहार भेंट किए जा रहे हैं। तीसरे वर्ष की शुरुआत में गुरुवार को रामलला के लिए एक और ऐतिहासिक और अद्वितीय भेंट 'स्वर्ण कोदंड' रामनगरी लाई गई है। यह कारसेवकपुरम में रखा गया, फिर ट्रस्ट को दिया।

### पंचधातु से बना है यह



गुरुवार को यह कोदंड अयोध्या पहुंचा। यहां रामलला को समर्पित किया गया। पंचधातु से बने इस कोदंड में सोना, चांदी, तांबा, जस्ता और लोहे का प्रयोग हुआ है।

### 8 महीने में तैयार किया, ऑपरेशन सिंदूर भी अंकित

तमिलनाडु के कांचीपुरम की 48 महिला कारीगरों ने 8महीने की मेहनत से इसे तैयार किया है। लगभग 8 फीट लंबे इस कोदंड पर ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम अंकित हैं। इसकी अनुमानित लागत करीब सवा करोड़ बताई जा रही है।

# 4 नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, 'पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड' लॉन्च भी करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'पीएम स्वनिधि लोन' भी करेंगे वितरित

पीएम मोदी शुक्रवार को केरल का दौरा करेंगे। वे तिरुवनंतपुरम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। राज्य को कई सौगातों से पूर्ण करेंगे

## पीएम आज तिरुवनंतपुरम में कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे

पीएम मोदी शुक्रवार को केरल का दौरा करेंगे। वे तिरुवनंतपुरम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी, शहरी आजीविका, विज्ञान और नवाचार, नागरिक-केंद्रित सेवाओं और उन्नत स्वास्थ्य सेवा सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जो समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति और नागरिकों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता पर प्रधानमंत्री के निरंतर फोकस को दर्शाती हैं।

**खास बातें**

- अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी सेंटर की आधारशिला रखेंगे
- नए पूजापुरा हेड पोस्ट ऑफिस का लोकार्पण करेंगे



### रेल कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

पीएम मोदी रेल कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा देते हुए तिरुवनंतपुरम में चार नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और एक पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, चार नई ट्रेनें शुरू होने से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। इसके अलावा, बेहतर कनेक्टिविटी से पूरे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

### शहरी आजीविका को मजबूत मिलेगी

शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत प्रधानमंत्री मोदी 'पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड' लॉन्च करेंगे, जो स्ट्रीट वेंडरों के लिए वित्तीय समावेशन की शुरुआत करेगा। यूपीआई-लिंक्ड, ब्याज-मुक्त रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा तत्काल लिक्विडिटी प्रदान करेगी, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगी और लाभार्थियों को औपचारिक क्रेडिट इतिहास बनाने में मदद करेगी।

### लाभार्थियों की पहली बार औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच होगी

पीएम मोदी केरल के स्ट्रीट वेंडरों समेत एक लाख लाभार्थियों को 'पीएम स्वनिधि लोन' भी वितरित करेंगे। 2020 में अपनी शुरुआत के बाद से 'पीएम स्वनिधि योजना' ने बड़ी संख्या में लाभार्थियों को पहली बार औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच प्रदान की है और शहरी अनौपचारिक श्रमिकों के बीच गरीबी उन्मूलन और आजीविका सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में देंगे सौगातें

विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में प्रधानमंत्री सीएसआईआर-एनआईआईएसटी इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप हब का शिलान्यास करेंगे। यह विज्ञान और बायो-इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करेगा, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बायोटेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल पैकेजिंग का एकीकृत करेगा।

### मुख्य फोकस हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा

पीएमओ ने कहा कि इस दौरे का एक और मुख्य फोकस हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी तिरुवनंतपुरम में श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी सेंटर की आधारशिला रखेंगे। नए पूजापुरा हेड पोस्ट ऑफिस का भी उद्घाटन करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### संजीव बने दिल्ली एमसीडी के नए कमिश्नर



**नई दिल्ली।** 1994 बैच केआईएएस संजीव खीरवार को दिल्ली का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे स्टेडियम में कुत्ते को टहलाने को लेकर विवादों में आए थे। खास बात है कि परिसर में कुत्ते को टहलाने का फोटो वायरल होने के बाद उन्हें राजधानी से स्थानांतरित कर दिया गया था, अब 3 साल से अधिक समय बाद राजधानी लौटे हैं।

### सीडीएस चौहान ने 'सैन्य क्वांटम मिशन नीति ढांचा' पेश किया

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने क्वांटम प्रौद्योगिकियों के चार स्तंभों को तीनों सेनाओं में शामिल करने के लिए बृहस्पतिवार को एक व्यापक दस्तावेज जारी किया, ताकि उन्हें भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयार किया जा सके और तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में तकनीकी प्रभुत्व हासिल किया जा सके। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 'सैन्य क्वांटम मिशन नीति ढांचा' में सशस्त्र बलों में क्वांटम प्रौद्योगिकियों को लागू करने की नीति व कार्ययोजना शामिल है।

### कुशाग्र हत्याकांडः 3 को मरते दम तक कारावास



**कानपुर।** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में अदालत ने उसकी ट्यूशन टीचर रही रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला और उसके साथी शिव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा है कि तीनों को आखिरी सांस तक जेल में रखा जाए। ये फिरौती में 26 महीने पहले कुशाग्र की अपहरण के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अपर जिला जज ने कहा कि यह नजीर बनेगा।

### दीन बंधु चौधरी छोटू राम की 145वीं जयंती पर ढांडा होंगे मुख्यातिथि

**पंचकूला।** बसंत पंचमी और दीन बंधु चौधरी छोटू राम जी की 145वीं जयंती के अवसर पर कल 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे सेक्टर-6 स्थित चौधरी छोटू राम जाट भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर जम्मू और कश्मीर के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी।

### बिना ड्राइवर चली बस खाई में गिरी



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत समोट कस्बे में गुरुवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। समोट-ददरियाड़ा रूट पर चलने वाली एक निजी बस सुबह 9 बजे अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ और बस में सवार 20 सवारियों में से कुछ को हल्की चोटें आई हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की एसआईआर पर टिप्पणी

# प्रक्रिया पारदर्शी हो, ईसी मनमानी नहीं कर सकता



**ईसी बोला, हमें गाली देकर इलेक्शन जीतना फैशन बना, 2003 में नागरिकता कानून में बदलाव हुआ था। अब नागरिकता साबित करने के नियम सख्त हुए हैं**

कोर्ट ने कहा, मतदाता सूची में बदलाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे में यह अपेक्षा की जाती है कि अपनाई गई प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा- वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ एनजीओ और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसीआई को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

#### चुनाव आयोग का तर्क

कानून (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950) के तहत ईसीआई को वोटर लिस्ट की विशेष जांच करने का अधिकार है। एसआईआर कैसे किया जाए, यह आयोग तय कर सकता है। बिहार में करीब 20 साल से ऐसी जांच नहीं हुई थी। जनसंख्या बदलाव, शहरों में पलायन बढ़ा है। इसलिए वोटर लिस्ट अपडेट जरूरी थी। 2003 में नागरिकता कानून में बदलाव हुआ था। अब नागरिकता साबित करने के नियम सख्त हुए हैं। घर-घर जाकर जांच हुई। 5 करोड़ एसएमएस भेजे गए। 76% वोटरों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा गया। बाकी लोगों से 11 प्रकार के दस्तावेज लिए गए। ईसीआई का मकसद संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत यह देखना था कि कोई व्यक्ति नागरिक है या अवैध प्रवासी। कहीं माता-पिता अवैध प्रवासी तो नहीं।

**दस करोड़ की संपत्ति जब्त**

## अति. कलेक्टर के घर से निकला 2 किलो सोना, नोटों का पहाड़

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

दक्षिण भारत के तेलंगाना राज्य से भ्रष्टाचार का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एंटी-करप्शन ब्यूरो की टीम ने हनुमकोंडा जिले के निलंबित अतिरिक्त कलेक्टर आररामदा वेंकट रेड्डी के ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में अधिकारियों को नोटों की गड्डियां और दो किलो से ज्यादा मात्रा में सोना मिला है। जांच एजेंसी ने आरोपी अधिकारी के पास से करीब 10 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की है।

बता दें कि वेंकट रेड्डी को 5 दिसंबर 2025 को रंगे हाथों पकड़ा गया था। वह एक प्राइवेट स्कूल के नवीनीकरण की फाइल पास करने के बदले 60,000 रुपये की रिश्वत ले रहे थे। उस समय वह तेलंगाना शिक्षा विभाग में प्रभारी संयुक्त सचिव भी थे। रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। तेलंगाना में एसीबी की यह अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।

#### दो किलो सोना और लाखों का कैश

एसीबी की टीमों ने हैदराबाद, नालगोंडा और मिर्यालगुड़ा में एक साथ दबिश दी। यह छापेमारी हनुमकोंडा जिले के निलंबित अतिरिक्त कलेक्टर आररामदा वेंकट रेड्डी के ठिकानों पर हुई। अधिकारियों की आंखें तब फटी रह गईं जब उन्हें घर से 2 किलोग्राम सोना मिला। इसके अलावा घर में 30 लाख रुपये नकद रखे हुए थे। अधिकारियों को बैंक लॉकर से भी 42 लाख रुपये मिले हैं।

### अब 'बॉर्डर 2' भी खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' रिलीज को तैयार है। फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है। सेंसर बोर्ड द्वारा यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।

### डंपर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, तीन की मौत

**ग्वालियर।** रतवाई-बिजौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी 18 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार जालौन (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। मृतकों की पहचान चंद्रपाल जाटव, उनकी पत्नी राजश्री जाटव और बेटी अर्पिता जाटव के रूप में हुई।

## ऑस्कर की रेस से बाहर होमबाउंड, सिनर्स ने रचा इतिहास, हासिल किए 16 ऑस्कर नॉमिनेशंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन की घोषणा हो गई है। लॉस एंजिल्स के सैमुअल गोल्डविन थिएटर में इसकी घोषणा की गई। इस साल नॉमिनेशन में कई बड़े नाम और फिल्में चर्चा में रहीं, लेकिन बाजी मार ले गई सिनर्स। इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है और अब तक की सबसे ज्यादा ऑस्कर नॉमिनेशंस हासिल करने वाली फिल्म बन गई है।

सिनर्स को 16 नॉमिनेशंस मिले हैं। वन बैटल ऑफ्टर एनअदर दूसरी सबसे ज्यादा ऑस्कर नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बनी। इसको 13 कैटेगरी में नॉमिनेशंस मिले। हालांकि भारत को ऑस्कर नॉमिनेशंस में निराशा हाथ लगी। भारत को सबसे ज्यादा उम्मीद ईशान खट्टर की फिल्म होमबाउंड से थी। लेकिन ये फिल्म ऑस्कर की दौड़ से बाहर हो गई। फिल्म बेस्ट इंटनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी। फिल्म का निर्देशन नीरज घेवन ने किया है।



ईशान खट्टर की फिल्म नहीं बना सकी जगह

#### ये है सिनर्स की कहानी

'सिनर्स' 1930 के दशक के मिसिसिपी डेल्टा में सेट एक हॉरर फिल्म है। ये दो जुड़वां भाइयों, स्मोक और स्टैक (माइकल बी. जॉर्डन) की कहानी है, जो गृहनगर में एक नई शुरुआत करने लौटते हैं, लेकिन एक ज्यूक जॉइंट खोलने के दौरान शक्तिशाली पिशाच कबीले से टकरा जाते हैं। इससे उनका जीवन एक भयानक संघर्ष में बदल जाता है, जो नस्लीय असमानता और समुदाय के विषयों को छूता है। जहां म्यूजिक, कल्चर और सुपरनेचुरल खतरे एक साथ आते हैं।

## उच्च शिक्षा परिषद ने एनआईआरएफ पर कार्यशाला का आयोजन किया

**पंचकुला।** हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) ने उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा और तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा के सहयोग से 22 जनवरी 2026 को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य संस्थागत तैयारी को मजबूत करना और राष्ट्रीय रैंकिंग में भागीदारी बढ़ाना था। राज्य द्वारा वित्त पोषित सभी विश्वविद्यालयों के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) के निदेशकों ने व्यक्तिगत रूप से कार्यशाला में भाग लिया, जबकि राज्य भर के सभी सरकारी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने ऑनलाइन माध्यम से भागीदारी की। कार्यशाला में एनआईआरएफ में हरियाणा के संस्थानों की वर्तमान स्थिति और समग्र प्रदर्शन पर सत्र आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को राज्य की स्थिति और उन क्षेत्रों का व्यापक विवरण मिला जहाँ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के सदस्य सचिव डॉ. अनिल के. नासा ने एनआईआरएफ पर मुख्य सत्र को संबोधित किया।

### एनआईए का पंजाब में 10 चला तलाशी अभियान

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2025 में अमृतसर स्थित मंदिर पर ग्रेनेड आतंकी हमले के मामले में पंजाब के तीन सीमावर्ती जिलों में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अमृतसर, तरनतारन व गुरदासपुर जिलों में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया और इस दौरान आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। तलाशी में फोन/डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों समेत आपत्तिजनक सामग्रियां जब्त की गईं।

### पटना-हावड़ा मेन लाइन पर ट्रेन से टकराया ट्रक

**देवघर।** झारखंड में हावड़ा-पटना मेन रेल मार्ग पर पूर्व रेलव के आसनसोल रेलखंड पर गुरुवार सुबह को एक बड़ा रेल हादसा होते-होते रह गया। जसीडीह और मधुपुर रेल खंड पर कुमड़ाबाद रोहिणी और शंकरपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेल गुमटी संख्या 27 पर 13510 डाउन गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस रेलवे फाटक पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई।

सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
CSIR-NATIONAL PHYSICAL LABORATORY
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
Council of Scientific & Industrial Research डॉ के एस कृष्णन मार्ग, नई दिल्ली 110012
Dr. KS. Krishnan Marg, New Delhi-110012

विज्ञापन सं. NPL/Rectt./05/2025 (संक्षिप्त संस्करण)

सीएसआईआर- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स / विद्युत / यांत्रिक / कंप्यूटर विज्ञान /सूचना प्रौद्योगिकी/ इन्स्ट्रूमैनटेशन / सिविल /बी.एससी. भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी /बी.एससी. रसायन विज्ञान आदि के क्षेत्र में तकनोकी सहायक (समूह-111) के 18 (अठारह) पदों को वेतन स्तर-6 में भरने के लिए अपेक्षित योग्यताओं को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारम्भ तिथि आवेदन शुल्क के भुगतान सहित | 28.01.2026 |
| ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने/ जमा करने की अंतिम तिथि, जिसमें आवेदन शुल्क का भुगतान भी शामिल है | 27.02.2026 |
| ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 09.03.2026 |

विस्तृत विज्ञापन, प्रयोगशाला की वेबसाइट https://recruitment.nplindia.org अथवा https://www.nplindia.in/index.php/recruitments/ पर उपलब्ध है।
CBC 36209/12/0001/2526 प्रशासन नियंत्रक

उत्तर रेलवे
ई–निविदा
खुली निविदा संख्या 50–अम्बाला/2025–26 दिनांक 21.01.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएमबी–केएलके खंड में एसएसई/डब्ल्यू/आईआई/सीडीजी खंड के अंतर्गत एडीईएन/सीडीजी द्वारा सामान्य धक्का तकनीक के तहत यूएमबी–केएलके खंड पर किमी 239/16–18 पर मानवयुक्त एल–एक्सिंग संख्या सी–123 के स्थान पर एलएचएस 2एक्स7.0एक्स3.6मीटर (किमी 239/18–20 पर स्थानांतरित स्थान) का निर्माण। | 11,39,99,073 | 7,20,000 | 12 महीने | 13.02.2026 |
| 2 | जेएचएल–एचएसआर खंड पर किलोमीटर 30/3–4 पर रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे से गुजरने वाले ट्रैक के समानांतर 600 मिमी और 800 मिमी डबल एम. एस. केसिंग पाइप के माध्यम से 350 मिमी डी. आई. जल आपूर्ति पाइप बिछाना/पार करना। | 39,19,665 | 78,400 | 03 महीने | 13.02.2026 |
| 3 | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच–डीयूआई खंड पर एएचएच–केयूपी के बीच किमी 28/1–2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल-एचएसआर खंड पर जेपीएस–यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19–ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। | 1,25,57,041 | 2,12,800 | 08 महीने | 13.02.2026 |
| 4 | एडीईएन/एसआरई के सेक्शन में "यमुना नगर–जगाधरी नगर निगम हेतु YJUD एवं JUDW स्टेशनों के मध्य कि.मी. 213/5–8 पर रेलवे ट्रैक/रेलवे भूमि के भीतर 4 मी x 3 मी प्रीकास्ट/कास्ट–इन–सिटू आरसीसी बॉक्स केसिंग के माध्यम से 1800 मि.मी. आंतरिक व्यास की ड्रेनेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य।" | 2,72,20,724 | 2,86,100 | 12 महीने | 13.02.2026 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 224/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय

वर्ष 2025 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार

वर्ष 2025 के लिए हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु हथकरघा पुरस्कारों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए भारत के निवासियों से निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | पुरस्कार का नाम | श्रेणियाँ | उप-श्रेणियाँ | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संत कबीर हथकरघा पुरस्कार | बुनाई | बुनाई | 03 |
| | | | विशेष रूप से महिला बुनकरों के लिए (कमला देवी चट्टोपाध्याय संत कबीर हथकरघा पुरस्कार) | 01 |
| | | | विलुप्तप्राय बुनाई (Languishing Weaves) | 01 |
| | | | जनजातीय बुनाई (Tribal Weaves) | 01 |
| | | | योग (अ) | 06 |
| 2 | राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार | बुनाई | बुनाई | 08 |
| | | | विशेष रूप से महिला बुनकरों के लिए (कमला देवी चट्टोपाध्याय राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार)* | 02 |
| | | | युवा बुनकर, (30 वर्ष से अधिक आयु नहीं) | 01 |
| | | | दिव्यांग बुनकर | 01 |
| | | | विलुप्तप्राय बुनाई (Languishing Weaves) | 01 |
| | | | जनजातीय बुनाई (Tribal Weaves) | 01 |
| | | डिजाइन विकास | | 02 |
| | | हथकरघा उत्पादों का विपणन (Marketing) | | 02 |
| | | स्टार्ट-अप वेंचर्स/प्रोड्यूसर कंपनी | | 01 |
| | | | योग (ब) | 19 |
| | | | कुल योग (अ + ब) | 25 |

2. पात्रता, मानदंड, आयु, अनुभव, आवेदन पत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए विवरण विकास आयुक्त हथकरघा कार्यालय की वेबसाइट (www.handlooms.nic.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी जानकारी/सहायता के लिए आवेदक निकटतम बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) से संपर्क कर सकता है।

3. आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन, दो तरीकों से जमा किए जाने हैं। ऑनलाइन आवेदन माई हैंडलूम्स पोर्टल (https://myhandlooms.gov.in/) के माध्यम से जमा किए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त, ऑफलाइन आवेदन, पूरी तरह से भरे हुए और सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, हस्तनिर्मित नमूनों (जहां आवश्यक हो), ऑनलाइन आवेदन की प्रिंटआउट, और सभी अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ, निकटतम डब्ल्यूएससी में 23 मार्च, 2026 तक जमा किए जाने चाहिए।

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय
CBC 41102/11/0008/2526

## चिंतन

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।



वसंत पंचमी
डॉ. बलवीर आचार्य

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के शृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म'के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है



अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।

मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'शृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर एमडीयू रोहतक, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# बैंकिंग क्षेत्र को बजट से बंधी हैं कई उम्मीदें


अन्य क्षेत्रों की तरह, बैंकिंग क्षेत्र भी चाहता है कि बजट में ऐसे प्रावधान किए जाएं जो इसे मजबूत बना सकें। डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में बैंकों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अब डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के विकसित होने से, बैंकिंग लेनदेन मोबाइल पर हो रहा है। आप अब खाता खोलना, बंद करना, पैसे ट्रांसफर करना, नकद जमा या निकासी जैसे काम बिना शाखा जाए कर सकते हैं। इस कारण से, बैंकों ने लंबे समय से 5-दिवसीय कार्यालय अवधि की मांग की है, जिसे लागू करना कोई बाधा नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा निगम, अन्य बीमा कंपनियां, स्टॉक एक्सचेंज और विदेशी बैंक पहले ही इसे अपना चुके हैं। इसलिए, बैंककर्मियों को उम्मीद है कि 2026 के बजट में इसका उल्लेख किया जाएगा। बीते महीनों में, सरकार ने बैंक कर्मचारियों के भत्तों और अन्य सुविधाओं पर कर लगा दिया है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ मनोबल भी कम कर रहा है। इस स्थिति में तुरंत राहत की जरूरत है।

वर्तमान में, बैंक सस्ती पूंजी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसलिए, सरकार को बजट में ऐसे प्रावधानों को अमलीजामा पहनाने की पहल करनी चाहिए, जिससे बैंकों के जमा आधार में उल्लेखनीय वृद्धि हो। फिलहाल, कर्ज की मांग तेज है, लेकिन जमा में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक एक तरफ रेपो दर में कटौती कर रहा है तो दूसरी तरफ ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) के जरिए बैंकिंग प्रणाली में नकदी की मात्रा को बढ़ा रहा है। जमा की कमी के स्थायी समाधान के लिए बैंकों के परंपरागत निवेशकों को पुनः बैंकों में निवेश करना जरूरी है। इसके लिए सरकार को बैंक जमा पर विशेष टैक्स प्रोत्साहन देना चाहिए और बैंक जमा पर लगने वाले मौजूदा टैक्स को पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए। निष्क्रिय और डॉर्मेंट खातों के नियमों को और सख्त बनाने और पारदर्शिता लाने की जरूरत है, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं को कम किया जा सके और पैसे के वास्तविक मालिक को अपना धन प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था का इंजन कहा जाता है और इस क्षेत्र को मजबूत बनाने में बैंकों का अहम योगदान रहा है। इसलिए, यह जरूरी है कि सरकार बजट में ऐसे प्रावधान करे, जो इस क्षेत्र को और सशक्त बना सकें। यदि सरकार बजट में सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान बनाती है और जीएसटी सहित अन्य करों को सरल बनाती है, तो इस क्षेत्र का विकास और तेज होगा। डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ने, ऑनलाइन भुगतान सुविधा में सुधार, यूपीआई से नकदी प्रवाह का ट्रैक आसान बनना, और डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता बढ़ने के कारण एमएसएमई क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। फिर भी, इसके विकास के लिए बजट में ऐसे प्रावधान जरूरी हैं, जिनसे बैंक इस सेक्टर को और मजबूत बना सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए निवेश में वृद्धि आवश्यक है ताकि देश के दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएँ पहुंचें और विकास की गति तेज हो सके। वर्तमान में, बैंकों को केवल वित्तीय सहायता देना ही पर्याप्त नहीं है; उनका मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनना भी जरूरी है। छोटे बैंकों का विलय कर बड़े बैंकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए ताकि वे पारदर्शी तरीके से पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में नवाचार और तकनीक जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल बैंकिंग का प्रयोग भी अवश्य बढ़ाना चाहिए। साथ ही, कर सिस्टम में मजबूत सुधार करके विदेशी और व्यक्तिगत पूंजी निवेश को आकर्षित किया जाना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों का इस्तेमाल कर ऋण प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाया जाना चाहिए।

हरित परियोजनाओं और आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए उचित नीतियां बनानी चाहिए और इन क्षेत्रों में बजट संबंधी ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि 1 फरवरी 2026 को पेश किए जाने वाले यूनियन बजट में डिजिटल नवाचार, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई ऋण, सरकारी बैंकों के गवर्नेंस में सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और मजबूत क्रेडिट गारंटी योजनाओं जैसे प्रावधानों को लागू कर बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि बजट में 5 दिवसीय कार्यशैली को बैंकिंग सेक्टर में लागू करने और बैंक कर्मचारियों के भत्तों एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं पर लगने वाले कर में छूट की घोषणा की जाती है, तो निश्चित रूप से बैंकों के प्रदर्शन और मुनाफे में और वृद्धि होगी।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चीटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

## अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *-विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं



डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से मैं बेहद दुखी हूं, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्ज़रलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ़ ये छुट्टियां मना रहे हैं, दूसरी तरफ़ 'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को ख़त्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार



देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1,100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब 1,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।

## ऑफ बीट

# बेंगलुरु बना दूसरा सबसे अधिक यातायात वाला शहर



भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74.4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाला, सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा उपलब्ध होता है। बेंगलुरु में पिछले वर्ष की तुलना में औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 1.7 प्रतिशत अंक बढ़ गया। चालकों ने औसतन 4.2 किलोमीटर की दूरी 15 मिनट में तय की, जबकि 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में औसतन 36 मिनट और नौ सेकंड का समय लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान गाड़ियों की औसत गति घटकर 13.9 किमी प्रति घंटा हो गई। इसके अलावा, रिपोर्ट में 17 मई को शहर का सबसे खराब यात्रा दिवस बताया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नोवाक ने पहली बार टूर्नामेंट में अपनी सर्विस गंवाई

सिनर ने जेम्स डकवर्थ को तीन सेटो में सीधे हराया

## ऑस्ट्रेलिया ओपन : जोकोविच ने सीधे सेटो में फ्रांसेस्को को दी मात

# जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, सिनर भी जीते

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।



### जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कवायद में

वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया।



### सिनर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में

इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया।



### मौजूदा महिला चैंपियन कीव को मिली कड़ी चुनौती

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।

# विजय अभियान जारी रखने आज उतरेगा भारत, संजू और किशन पर होगी नजर

**खास बातें**

- रायपुर में आज खेला जाएगा दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला
- पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत हासिल की थीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी। वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा। श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं।

### टीम इस प्रकार हैं-

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

*मैच शाम सात बजे शुरू होगा।*

## टाटा स्टील मास्टर्स

# गुकेश ने चेक के गुयेन को हराया फेडोसीव ने एरिगैसी को चौंकाया





एजेंसी ▸▸| विज्क आन जी (नीदरलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि अर्जुन एरिगैसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगैसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। बृहस्पतिवार को शुरुआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए। अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया।



▸▸| जाएंट्स की तीसरी जीत

▸▸| सोफी की फिफ्टी और 2 विकेट

# डिवाइन के हरफनमौला खेल से गुजरात ने यूपी वॉरियर्स को 45 रन से हराया

**वडोदरा।** सोफी डिवाइन के हरफनमौला खेल से गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां यूपी वॉरियर्स को 45 रन से शिकस्त देकर लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चखा। डिवाइन ने नाबाद 50 रन की संयमित पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 16 रन देकर दो विकेट चटकाये। गुजरात जायंट्स ने आठ विकेट पर 153 रन बनाने के बाद यूपी वॉरियर्स को 108 रन पर आउट कर दिया। इस जीत के बाद गुजरात छह अंक के साथ तालिका में दूसरे जबकि यूपी वॉरियर्स चार अंक के साथ पांचवें और आखिरी पायदान पर है। गुजरात के लिए राजेश्वरी ने भी 16 रन देकर तीन विकेट झटक कर टीम में अपनी वापसी को यादगार बनाया। रेणुका सिंह ने भी दो सफलता हासिल की। यूपी के लिए फोबे लिचफील्ड ने 32 और क्लो ट्रायोन ने नाबाद 30 रन का योगदान दिया। इससे पहले डिवाइन ने पिछले तीन मैचों की लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 42 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाये।

# सिंधू और लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸| जकार्ता






भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया। विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य के सामने थाईलैंड की उभरती प्रतिभा पनीचाफोन टीरारत्सकुल की चुनौती होगी। टीरारत्सकुल ने पेरिस में कांस्य पदक जीतने वाली मलेशिया की ली जी जिया को हराया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा।

### श्रीकांत चीन ताइपे के चेन से हारे

भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखा सके और प्री-क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28






## विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर पहले ह्यूमनॉइड रोबोट 'एएससी अर्जुन' की नियुक्ति

**विशाखापत्तनम।** ईस्ट कोस्ट रेलवे ने विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर एएससी अर्जुन नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट की शुरुआत की है। यह रेलवे में अपनी तरह की पहली पहल है। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और सेवा में सुधार के लिए उन्नत तकनीक के उपयोग की दिशा में उठाया गया है। इसे रेलवे के विभिन्न कार्यों में सहयोग के लिए डिजाइन किया गया है, विशेष रूप से सुरक्षा, यात्री सहायता, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता निगरानी और सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्रों में। इस रोबोट को पूरी तरह से विशाखापत्तनम में ही स्वदेशी इनोवेशन से अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए डिजाइन और विकसित किया गया है। टीम को एक वर्ष से अधिक का समय लगा।

## नोएडाः इंजीनियर मौत के मामले में दो और बिल्डर गिरफ्तार

**नोएडा (भाषा)।** नोएडा पुलिस ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मृत्यु की जांच के संबंध में गुरुवार को और दो बिल्डर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार सेक्टर 150 में पानी से भरी खाई में गिर गई थी और पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हुई थी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान रवि बंसल और सचिन कर्नवाल के रूप में हुई है। युवराज मेहता गुरुग्राम में कार्यरत थे।

### भोजशाला विवाद: बसंत पंचमी पर पूजा और नमाज पर 'सुप्रीम' फैसला

# सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-प्रार्थना दोपहर 1 से 3 बजे तक 'नमाज' होगी

**सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से आपसी सम्मान बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष भी सुना गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए। पीठ ने कहा कि ये संख्या जिला प्रशासन को गुरुवार को ही बता दी जाए। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है या कोई और सही तरीका अपना सकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पीठ ने कहा कि दोपहर में 1 से 3 बजे के बीच नमाज़ के लिए उसी परिसर के अंदर एक खास और अलग जगह उपलब्ध कराई जाए, जिसमें आने-जाने के लिए अलग रास्ता हो, ताकि नमाज पढ़ी जा सके। उसी तरह से हिंदू पक्ष को परिसर के भीतर ही अलग जगह मुहैया कराई जाए, ताकि वे बसंत पंचमी पर अपने पारंपरिक अनुष्ठान कर सकें।


धार। भोजशाला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात

### क्या है विवाद?

मध्य प्रदेश के धार में एक एएसआई संरक्षित स्मारक है। हिंदू पक्ष के लोग इसे देवी सरस्वती का मंदिर मानते हैं।साथ ही यहां मौलाना कमालुद्दीन की मस्जिद है, जिसके चलते मुस्लिम पक्ष भी इस स्मारक पर अपना दावा करता है। 18वीं सदी में यहां अंग्रेज सरकार ने खुदाई कराई थी, जिसमें देवी सरस्वती की प्रतिमा भी निकली थी। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गए थे, जो आज भी लंदन संग्रहालय में मौजूद है। देवी सरस्वती की उस प्रतिमा को भी वापस लाने की कोशिश चल रही है।

### दोनों पक्ष क्या है ...

इस स्मारक पर दावा करते हैं। ऐसे में एएसआई द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हिंदू पक्ष के लोगों को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करने और मुसलमानों को हर शुक्रवार को भोजशाला परिसर में नमाज पढ़ने की अनुमति मिली हुई है।

सुको ने सुरक्षित रखा फैसला

### फांसी या जहर का इंजेक्शन देकर दी जाए मौत की सजा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीके अपनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने दायर की है। उन्होंने फांसी को मौत देने का क्रूर, अमानवीय और पुराना तरीका बताया है, जिसमें दोषी को लंबे समय तक दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फांसी की बजाए जहर का इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) दिया जाए, जो तेजी से और कम पीड़ा के साथ मौत का कारण बनता है। याचिका में कहा गया है कि कम से कम दोषी को विकल्प दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या इंजेक्शन। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की है, जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन कर रही है।






एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Gurgaon.
TOLL FREE NO. 1800 266 0018
Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero- 9289922868; Assandh: Sandhu Hero- 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero- 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero- 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero- 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero- 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero- 9289922433; Gohana: Krishna Hero- 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero- 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero- 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero- 9289922062; Karnal: Nirmal Hero- 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero- 9289922988; Ladwa: Khanna Hero- 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero- 9289922490; Nuh: Sunil Hero- 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero- 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero- 9289922877; Panchkula: Regent Hero- 9289923161; Panipat: Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero- 9289922393; Rewari: Virendra Hero- 9289922060; Rohtak: Shivam Hero- 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero- 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors , Neelambata Road, 9289235889.
FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI